सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

संपादक : संजय बघेल

मंगलवार 7 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 336 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan





## न्यूज ब्रीफ

### कोर्ट ने 6 यूक्रेनी और 1अमेरिकी नागरिक को हिरासत में भेजा

नईदिल्ली। एनआईए कोर्ट ने सोमवार को 7 विदेशी नागरिकों को 30 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनमें 6 यूक्रेनी और 1 अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। ये सभी लोग वीजा लेकर भारत आए थे। लेकिन बाद में मिजोरम के रास्ते म्यांमार पहुंच गए और जातीय सशस्त्र समूहों से संपर्क किया। एनआईए के मुताबिक, इन लोगों ने म्यांमार में ट्रेनिंग ली और फिर वहीं सक्रिय समूहों को ट्रेनिंग भी दी। ये समूह भारत के उग्रवादी संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। ये लोग यूरोप से भारत के रास्ते बड़ी संख्या में ड्रोन लेकर आए थे।

### महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम ने उपचुनाव के लिए नामांकन भरा

मुंबई। महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता सुनेत्रा पवार ने 23 अप्रैल को होने वाले बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी सहयोगी सुनील तटकरे, प्रफुल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे और हसन मुश्रीफ के साथ-साथ शिवसेना प्रमुख डिप्टी ष्टरूएकनाथ शिंदे और राज्य मंत्री और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले सुनेत्रा ने बारामती की जनता से भावुक अपील की कि वे उनका उसी तरह समर्थन करें जैसे उन्होंने हमेशा उनके दिवंगत पति अजीत पवार का समर्थन किया था।

### अरुणाचल सीएम पेमा खांडू के परिवार को ठेके दिए जाने का आरोप

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के सीएम प्रेमा खांडू के परिवार से जुड़ी फर्मों को मिले सार्वजनिक ठेकों की जांच सीबीआई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई इस मामले में प्रारंभिक जांच दर्ज करे। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह जांच 1 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक राज्य में सार्वजनिक कार्यों, ठेकों और वर्क ऑर्डरों के आवंटन और उनके क्रियान्वयन को कवर करेगी।


राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433


# सिक्किम में बर्फबारी और भूस्खलन के कारण 1500 टूरिस्ट फंसे

केदारनाथ में लगातार तीसरे दिन बर्फ गिरी; राजस्थान समेत 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**सिक्किम** के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। यहां 1500 टूरिस्ट फंसे हैं। यहां आज सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है। इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में लगातार तीसरे दिन बर्फबारी हुई। वहीं उत्तरकाशी और चमोली समेत 8 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।राजस्थान में सोमवार दोपहर बाद श्रीगंगानगर में बारिश हुई, जबकि सीकर में तेज आंधी चली। यूपी में 48 घंटे में 10 शहरों में ओले गिरे। आंधी-बारिश और बिजली गिरने से प्रदेश में तीन दिन में 15 लोगों की मौत हुई है। रविवार को काशी, गोंडा, सुल्तानपुर और कानपुर समेत 11 जिलों में बारिश हुई थी।

### अगले दो दिन मौसम का हाल

5-6 अप्रैल- हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरलम और आंध्र प्रदेश में आंधी-तूफान की संभावना है। आंध्र प्रदेश, केरलम और पुडुचेरी में ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं, राजस्थान, बिहार और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है। पंजाब और राजस्थान में कुछ जगहों पर 60 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवा चल सकती है।

#### मध्य प्रदेश: 9 अप्रैल तक आंधी-बारिश का दौर

मध्य प्रदेश में 9 अप्रैल तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। टर्फ के सक्रिय होने से सोमवार को ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा और शहडोल और सागर संभाग के 24 जिलों में असर बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 7 अप्रैल से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है।

# ईरान बोला- होर्मुज की चाबी खो गई: ट्रम्प ने कहा था- खोलो वरना नरक बना दूंगा

रिपोर्ट- सीजफायर पर आज सहमति मुमकिन

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**होर्मुज** स्ट्रेट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के धमकी पर जिम्बाब्वे स्थित ईरानी दूतावास ने तंज भरे अंदाज में जवाब दिया है। दूतावास ने कहा कि 'होर्मुज स्ट्रेट की चाबी खो गई है।'

दरअसल, ट्रम्प ने ईरान को अल्टीमेटम दिया है कि वह इस समुद्री रास्ते को तुरंत खोल दे, नहीं तो उसे गंभीर सैन्य कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उसके पावर प्लांट और पुलों पर हमला होगा और ईरान को नरक बना दिया जाएगा। ईरान के कुछ अन्य दूतावासों ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प का मजाक उड़ाया है। दक्षिण अफ्रीका में मौजूद ईरानी दूतावास ने तंज करते हुए कहा कि 'चाबी फूलदान के नीचे है, दोस्तों के लिए रास्ता खुला है।' वहीं इस जंग को रोकने पर आज सहमति बन सकती है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक पाकिस्तान ने दोनों देशों को सीजफायर का प्रस्ताव सौंपा है। पाकिस्तान ने इस डील को अस्थायी तौर पर 'इस्लामाबाद अकॉर्ड' नाम दिया है, जिसे दो हिस्सों में बांटा गया है।

**ट्रम्प ने ईरान को नरक जैसे हालात में पहुंचाने की धमकी दी**

ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा।

### ईरान ने ग्लोबल सप्लाई ठप करने की धमकी दी



ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजराइल के हमले बढ़े तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने कहा है कि वह होर्मुज के अलावा दूसरे समुद्री रास्तों को भी निशाना बना सकता है। ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली अकबर वेलायती ने कहा कि किसी भी बड़ी कार्रवाई का जवाब सिर्फ सैन्य स्तर पर नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा और व्यापार पर असर डालकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ही नहीं, बल्कि बाब-अल-मंदेब जैसे अहम समुद्री रास्ते भी खतरे में आ सकते हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट खोलने का अल्टीमेटम दिया है और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले ईरान के करीबी माने जाने वाले यमन के हूती विद्रोही रेड सी में जहाजों पर हमले की बात कह चुके हैं।

### इजराइल के रमत गन शहर में ईरानी मिसाइलों से भारी नुकसान

इजराइल के रमत गन शहर में ईरानी मिसाइलों से भारी नुकसान हुआ है। हमले के बाद सुरक्षा और राहत-बचाव टीमें तुरंत पहुंच गईं। तस्वीरों और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मिसाइल के टकराने से इमारतों और आसपास के इलाके को नुकसान पहुंचा है।

### ईरान के समर्थन में 10 रुपए का अंडा 25 हजार में खरीदा

द्राख के लेह में लोगों ने ईरान के लोगों की मदद के लिए अनोखे तरीके से पैसे जुटाए। यहां एक अंडे की नीलामी की गई, जिसे 25 हजार रुपए में खरीदा गया। यह अंडा स्थानीय निवासी शबीर हुसैन ने खरीदा। उन्होंने कहा कि आम तौर पर अंडे की कीमत सिर्फ 10 रुपए होती है, लेकिन उन्होंने ज्यादा पैसे इसलिए दिए ताकि एक मैसेज दिया जा सके।

# बीजेपी का स्थापना दिवस, मोदी बोले-भाजपा हर चुनौती को तैयार

योगी ने पार्टी के झंडे के साथ सेल्फी ली, एमपी में 17 नए कार्यालयों का भूमिपूजन

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**भारत** की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बीजेपी आज 2026 में अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। स्थापना दिवस को लेकर देशभर में बीजेपी कार्यालयों में कई कार्यक्रम हुए। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए बीजेपी ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे।'

उन्होंने वीडियो मैसेज में कहा, 'अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10%आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण। ऐसे कितने ही काम हैं, जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का नतीजा है। हमारा मिशन अभी भी जारी है।'

उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्य नाथ ने पार्टी के झंडे के साथ सेल्फी ली। मध्य प्रदेश में आज 17 नए कार्यालयों का भूमिपूजन किया जा रहा है।

### शाह ने कहा- भाजपा का मंत्र नेशनल फर्स्ट

अमित शाह ने लिखा- भाजपा का मूल मंत्र हमेशा स्पष्ट रहा है, नेशनल फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट, सेल्फ लास्ट। इसी मूल भावना के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता दिन-रात राष्ट्र-सेवा में समर्पित है। भाजपा ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के साथ देश को तुष्टीकरण से मुक्त, सुशासन, पारदर्शिता को स्थापित करने का कार्य किया है। आज भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन चुकी है। भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। लेकिन इसकी नींव 1951 में बने भारतीय जनसंघ के दौरान पड़ी।

# दिल्ली विस का बैरियर तोड़कर घुसी कार

नकाबपोश ड्राइवर समेत 3 हिरासत में, कार भी बरामद; स्पीकर ऑफिस के पास गुलदस्ता रखकर भाग गया था

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**दिल्ली** विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली।

घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत रहने वाला सरबजीत है। पुलिस ने टाटा सिएरा कार भी बरामद की है। हाल ही में विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां भी मिली थीं।

# राज्यसभा में 19 नए सदस्यों ने शपथ ली

शरद पवार व्हीलचेयर पर पहुंचे; नीतीश कुमार 10 अप्रैल को शपथ लेंगे

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**केंद्रीय** मंत्री रामदास अठावले और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार समेत 19 नए और दोबारा चुने गए राज्यसभा सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। शरद पवार व्हीलचेयर पर शपथ लेने के लिए संसद पहुंचे। शपथ लेने वालों में 5 महाराष्ट्र, 3 ओडिशा, 6 तमिलनाडु और 5 पश्चिम बंगाल के सदस्य है। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

दरअसल, 16 मार्च को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों को चुनाव हुए थे। अब 18 सांसदों का अभी शपथ लेना बाकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ लेंगे।

### 16 अप्रैल से राज्यसभा का विशेष सत्र



सांसदों के शपथ ग्रहण का आयोजन ऐसे समय हो रहा है, जब 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार ने 2023 में संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पेश किया था। उसी दौरान इस बिल को आधिकारिक रूप से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' कहा गया।

राघव चड्ढा का अंग्रेजी किताब से केजरीवाल पर तंज:

# इसमें लिखा- बॉस से ज्यादा चमकने की कोशिश न करें, उसे डर-असुरक्षा पैदा होगी

राष्ट्रबाण | मोहाली | एजेंसी | rashtrabaan.in




**राज्यसभा** सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी (आप) से चल रहे विवाद के बीच बिना नाम लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। राघव चड्ढा ने अमेरिकी लेखक रॉबर्ट ग्रीन की किताब 'द 48 लॉज ऑफ पावर' पढ़ते हुए फोटो शेयर की। राघव चड्ढा ने किताब के पहले पन्ने की स्टोरी भी लगाई। जिसमें लिखा कि मैने पहला चैप्टर खोला।

जिस पेज को चड्ढा ने शेयर किया है, उसमें किताब में पहला कानून बताया गया है कि अपने मालिक या बॉस से ज्यादा चमकने की कोशिश कभी न करें। हमेशा अपने से ऊपर के लोगों को ऐसा महसूस कराएं कि वे आपसे बेहतर और श्रेष्ठ हैं। उन्हें खुश करने और प्रभावित करने की कोशिश में अपने हुनर या प्रतिभा का जरूरत से ज्यादा प्रदर्शन न करें।

चैप्टर में आगे लिखा- अगर आप ऐसा करते हैं, तो इसका उल्टा असर हो सकता है। उनमें डर और असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। इसलिए अपने वरिष्ठों को वास्तव में जितने हैं, उससे ज्यादा बुद्धिमान और प्रभावशाली दिखने दें। ऐसा करने से आप आखिरकार शक्ति और सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। राघव का अब यह सीधा अटैक केजरीवाल पर माना जा रहा है। हाल ही में पूर्व आपनेता व मशहूर कवि कुमार विश्वास का भी डेढ़ साल पुराना वीडियो वायरल हुआ था।

एक के देहांत की सूचना मिलने के 5 घंटे बाद दूसरी ने भी दम तोड़ा

# एक चिता पर 2 सहेलियों का अंतिम संस्कार

राष्ट्रबाण | पाली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**दोस्ती** की मिसालें तो बहुत सुनी होंगी, लेकिन पाली जिले के तखतगढ़ में जो हुआ, उसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। यहां सालों पुरानी दो सहेलियों ने अपनी दोस्ती को मौत के बाद भी नहीं टूटने दिया। एक सहेली की मौत हुई, तो दूसरी यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और 5 घंटे के भीतर उसने भी प्राण त्याग दिए। रविवार को एक ही चिता पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

**कहा सच हुआ : पहले कोई भी जाए, दूसरी को साथ लेकर जाए:** पाली से करीब 78 किमी दूर तखतगढ़ के नागचौक इलाके में जो हुआ, वह लोग सालों तक याद रखेंगे। देवासियों की गली में रहने वाली जेठी बाई (पत्नी स्व. मालाराम कलबी) और उनकी पड़ोसी भीकीबाई (पत्नी स्व. भूराराम कलबी) के बीच दशकों पुरानी दोस्ती थी।

मोहल्ले वाले बताते हैं कि दोनों अक्सर हंसी-मजाक में कहती थीं- अगर हममें से कोई पहले जाए, तो दूसरी को भी अपने साथ ही लेकर जाए। नियति ने इस बात को सच कर दिखाया।

**पूरे मोहल्ले में मशहूर थी दोस्ती:** भीकीबाई के बेटे हंसाराम कहते हैं- दो दिन पहले मां के पैर में दर्द था, लेकिन जैसे ही उन्हें अपनी सहेली जेठी बाई के जाने का पता चला, वे यह दुख सह नहीं पाई। उनकी दोस्ती पूरे मोहल्ले में मशहूर थी।

### एक को आई मौत, दूसरी को लगा गहरा सदमा

4 अप्रैल को जेठी बाई की तबीयत बिगड़ी और रात को उनका निधन हो गया। 5 अप्रैल की सुबह जैसे ही सहेली की मौत की खबर भीकीबाई तक पहुंची, वे गहरे सदमे में चली गईं। सदमा इतना गहरा था कि उसी दिन सुबह करीब 8 बजे उन्होंने भी दम तोड़ दिया। दोपहर में पूरे कस्बे में खबर फैलते ही मातम छा गया। दोनों परिवारों ने मिलकर फैसला लिया कि जब ये साथ रहीं, तो विदाई भी साथ ही होगी।

#### सैकड़ों नम आंखों के बीच एक ही चिता पर विदाई

गोगरा रोड स्थित श्मशान घाट पर 5 अप्रैल की दोपहर एक दुर्लभ दृश्य दिखा। दो अर्थियां एक साथ उठीं और दोनों सहेलियों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। श्मशान घाट में मौजूद सैकड़ों लोग इस संयोग और दोस्ती को देखकर भावुक हो गए।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

# राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# धुरंधर-2 का जमाना चल रहा, पाकिस्तान को भी ठिकाने लगाया: सीएम यादव

## मध्य प्रदेश के 17 जिलों में भाजपा कार्यालयों का हुआ भूमिपूजन

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

आज भाजपा का 47वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर मध्यप्रदेश के 17 जिलों में कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया। भोपाल के प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। यहीं से भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअली जुड़े। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भारत तीसरा देश बन गया है, जो अपने दुश्मनों को उनके देश में घुसकर मारता है, जो हमारे अपने देश के अंदर कष्ट देते हैं। मोदी जी के माध्यम से धुरंधर 2 का समय चल रहा है, लेकिन हमें धुरंधर 1 का समय भी याद आता है। हमें मालूम है कि नकली नोट छाप-छापकर पाकिस्तान परेशान करता था। उस पाकिस्तान को भी क्या ठिकाने लगाया। यह असली धुरंधर का जमाना है। अपनी परेशानियों का समाधान अपने पास ही है। जब समर्थ और सामर्थ्यशाली नेतृत्व होता है, तो सारे उलझे-सुलझे प्रश्नों का उत्तर मिलता है। तभी तो विक्रमादित्य बनारस में जाकर धर्म की जय-जयकार करते हैं।

### सीएम बोले- हमने भाजपा को देखा, जिसकी विचारधारा अमर हो गई

सीएम ने कहा- कौन सा फीनिक्स पक्षी है जो राख बनकर फिर जीवित हो जाता है, हमने वह पक्षी नहीं देखा, लेकिन हमने भाजपा को देखा है, जिसकी विचारधारा अटल और अमर हो गई है। हमारे नेताओं का चरित्र और दर्शन अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व से भाजपा के हर कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का दौर लंबे समय तक चला, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार ने अपने वादों को पूरा किया और 24 दलों के साथ सफलतापूर्वक शासन चलाया। बीजेपी कल यानी 7 से 12 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में गांव-बस्ती चलो अभियान चलाएगी। इस अभियान में सांसद, विधायक, महापौर और नगर पालिका अध्यक्षों से लेकर पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं को भाग लेना होगा।



### प्रदेश अध्यक्ष बोले- 52 जिलों में बीजेपी कार्यालय हो, हमारा लक्ष्य

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा की विचारधारा सहभागिता पर आधारित है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य नेताओं ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने मूल विचारों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि पार्टी 17 जिलों में कार्यालय निर्माण की शुरुआत कर रही है। लक्ष्य है कि अगले स्थापना दिवस से पहले प्रदेश के सभी 52 जिलों में भाजपा के अपने कार्यालय हों। खंडेलवाल ने बताया कि प्रत्येक कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम और पुस्तकालय की व्यवस्था होगी। यहां संगठन और पार्टी विचारधारा से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी।

### दिवंगत नेताओं के परिजनों का हुआ सम्मान

भोपाल में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में सीएम-प्रदेशाध्यक्ष के अलावा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल समेत में भाजपा के पदाधिकारी, स्थानीय मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहे। इस मौके पर बीजेपी नेताओं ने दिवंगत नेताओं और कार्यकर्ताओं के परिजनों का सम्मान किया। पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश शर्मा के परिजनों का सम्मान करने के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं मंच से नीचे उतरकर उनके पास पहुंचे। इसके बाद सीएम, प्रदेशाध्यक्ष का संबोधन हुआ फिर बीजेपी कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया। एमपी के 17 जिलों में भाजपा के जिला कार्यालयों के लिए जमीन पहले ही खरीदी जा चुकी थी। अब यहां जिला कार्यालयों का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू हुआ है।



### गेहूं खरीदी को लेकर सरकार ने तय तारीख से पहले तैयारी पूरी की

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सरकार युवा, महिला और किसानों के लिए समान रूप से काम कर रही है। प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं और राज्य देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदी को लेकर सरकार ने तय तारीख से पहले तैयारी पूरी की है। जहां पहले गेहूं के दाम कम थे, वहीं अब सरकार 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी कर रही है। छोटे किसानों को प्राथमिकता देते हुए उनका गेहूं पहले खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सिंचाई का रकबा सीमित था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर करीब 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया गया है। बिजली आपूर्ति में भी सुधार किया गया है और किसानों को पर्याप्त सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंत्योदय के सिद्धांत पर काम करते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाना है। भाजपा कार्यकर्ता इसी भावना के साथ काम करते हैं और संगठन को मजबूत बनाते हैं।

### केवल भाषण न दें, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मिलें

अभियान के दौरान गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें पार्टी के बड़े नेता स्वयं झाड़ू थामकर श्रमदान करेंगे। इसके बाद चौपालों पर केंद्र की मोदी सरकार और एनडीए शासित प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि कार्यकर्ता केवल भाषण न दें, बल्कि उन लाभार्थियों से भी मिलें जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। इन लाभार्थियों के साथ जनसंपर्क कर उनके अनुभव के वीडियो बनाए जाएंगे और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया जाएगा ताकि सरकार के काम का वास्तविक असर जनता के सामने आ सके।

### सीएम बोले- हमारे नेताओं का चरित्र और दर्शन अद्भुत

सीएम ने कहा- कौन सा फीनिक्स पक्षी है जो राख बनकर फिर जीवित हो जाता है, हमने वह पक्षी नहीं देखा, लेकिन हमने भाजपा को देखा है, जिसकी विचारधारा अटल और अमर हो गई है। हमारे नेताओं का चरित्र और दर्शन अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व से भाजपा के हर कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का दौर लंबे समय तक चला, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार ने अपने वादों को पूरा किया और 24 दलों के साथ सफलतापूर्वक शासन चलाया। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मन आतंकवादी हमलों के जरिए नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन भारत अब उनके खिलाफ कड़ा जवाब देने में सक्षम है। नकली नोटों के जरिए देश को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई है।

### प्रदेश भर के प्रभारी मंत्री, जिलाध्यक्ष, विधायकों को सीएम ने स्वागत किया

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज 17 जिलों में पार्टी कार्यालयों का भूमिपूजन हो रहा है। उन्होंने प्रदेश भर के प्रभारी मंत्री, जिलाध्यक्ष, विधायक, प्रभारीगण और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। साथ ही उन प्रमुख कार्यकर्ताओं के परिजनों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने अपना जीवन पार्टी को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा जनसंघ के समय से लोकतंत्र को साक्षी मानकर शुरू हुई है। यह यात्रा परमात्मा का प्रसाद है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर की विसंगतियों के खिलाफ अपने प्राण न्योछावर किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम करने और सोचने का तरीका अलग है।

# जिसे बच्चा चोर बताया, वो तलाक पर किताब लिख रहीं

## कर्नाटक की लेखिका पर इंदौर में हमला; बोलीं- डेढ़ महीने बाद भी एफआईआर नहीं हुई

इंदौर | संवाददाता
rashtrabaan.in




इंदौर में डेढ़ महीने पहले कर्नाटक की लेखिका को बच्चा चोर समझकर पीट दिया गया। लेखिका का कसूर सिर्फ इतना था कि वह 'तीन तलाक' पर किताब लिखने आई थी। पिटाई के बाद से लेखिका कर्नाटक से लगातार पुलिस को न्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक उसे कुछ खास सफलता नहीं मिली। खजराना इलाके में 15 फरवरी को कर्नाटक की लेखिका परवीन के साथ हुई मारपीट थी। मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि बच्चा चोर बताकर भीड़ ने उनकी पिटाई की थी और थाने में समझौता करा दिया। कर्नाटक लौटने के बाद से वह लगातार ऑनलाइन शिकायत कर रही हैं।

### शिकायत करने गईं, तो माफीनामा लिखवाया

लेखिका परवीन के अनुसार, सिकंदराबाद कॉलोनी में लोगों ने उन्हें बच्चा चोर समझकर घेर लिया। कपड़े खींचते हुए पीटा। उन्होंने थाने में शिकायत की तो आरोपी पक्ष के लोगों ने एफआईआर दर्ज नहीं होने देने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि उनसे माफीनामा लिखवाया गया। अगले दिन 16 फरवरी को वह कर्नाटक लौट गईं।

### 'तीन तलाक' पर किताब लिखने से जुड़ा विवाद

परवीन ने बताया कि नवंबर 2025 में शाहबानो से जुड़े चर्चित तीन तलाक प्रकरण की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया से मिली थी। इस पर उन्होंने किताब लिखने का निर्णय लिया। सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने शाहबानो के परिवार से संपर्क किया और करीब तीन माह तक बातचीत होती रही। इसके बाद 13 फरवरी को वह विमान से इंदौर आईं। 14 फरवरी को ओल्ड पलासिया में शाहबानो के परिवार के सदस्यों से मुलाकात हुई। आरोप है कि परिवार की जानकारी देने के लिए 25 लाख रुपए की मांग की गई। लेखिका ने मना किया तो व्हाट्सएप पर एक एग्रीमेंट भेजा गया, जिसमें 50 प्रतिशत मुनाफा देने की शर्त थी।

### रिकॉर्डिंग के बाद शुरू हुआ विवाद

परवीन 15 फरवरी को शाहबानो के घर पहुंचीं। करीब दो घंटे बातचीत की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद परिवार के लोगों ने एक एग्रीमेंट साइन करने को कहा। लेखिका का कहना है कि एग्रीमेंट पहले बताई गई शर्तों से अलग था, इसलिए उन्होंने साइन करने से मना कर दिया। इस पर वहां मौजूद एक युवक ने उनसे अपशब्द कहे और एग्रीमेंट फाड़कर उनके मुंह पर फेंक दिया। लेखिका के अनुसार, जब वह वहां से निकलकर ऑटो से जाने लगीं, तभी विवाद बढ़ गया और उनके साथ मारपीट की गई। इसी दौरान भीड़ ने उन्हें बच्चा चोर कहकर पीटना शुरू कर दिया।

### थाने में समझौते का आरोप

लेखिका ने आरोप लगाया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मेहमूद खान नामक पुलिसकर्मी उन्हें गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए। वहां उनके दोनों मोबाइल अपने पास रख लिए गए। बाद में उन्हें परिवार से संपर्क करने दिया गया, जिसके बाद वकील आशीष दुबे थाने पहुंचे। लेखिका का आरोप है कि समझौते के एवज में 2 लाख रुपए की मांग की गई। मना करने पर बहस हुई और शाहबानो से की गई करीब दो घंटे की रिकॉर्डिंग डिलीट करवाई गई। इसके बाद उनसे लिखित माफीनामा लिया गया और आगे कोई कार्रवाई नहीं करने की बात लिखवाकर छोड़ दिया गया।

# ट्रक से टकराई कार, दूल्हे के भाई की गर्दन अलग

## इंदौर में 4 बारातियों की मौत, 8 घायल; अचानक ब्रेक लगाया, ड्राइवर नशे में था

इंदौर | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के इंदौर में दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हैं। दूल्हे के चचेरे भाई की गर्दन कटकर अलग हो गई है। शादी वाले घर में जहां कुछ देर पहले तक जश्न था, वहां अब चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है। जानकारी के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे में इरफान (24), आरिस (20) और फरहान (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरफाद (23) ने इलाज के दौरान दम तोड़ा।

### 4 युवकों की मौत, 8 घायलों में 2 की हालत गंभीर

वहीं घायलों में आसिफ (38) पिता रफीक, मो. अली (22) पिता मो. साबिर, अयान (17) पिता आबिद, सोनू (19) पिता जावेद, मो. कैफ (22) पिता साजिद अली, रेहान (21) पिता मकसूद अली, अलफेज (18) पिता नासिर खान और फैजान (16) पिता फिरोज शामिल हैं। घटना में 8 लोग घायल हुए हैं। 6 का इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक को सुयश और एक को मेडिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और वे होश में नहीं हैं।

### रात में स्टेटस लगाया, कुछ देर में मौत की खबर आई

दूल्हे मोहम्मद आरिफ के छोटे भाई दिलेर के मुताबिक, बारात रात करीब 10 बजे आष्टा से इंदौर के लिए निकली थी। रास्ते में दो जगह रुकने के बाद सभी देवगुराडिया पहुंचे, जहां चाय-नाश्ता किया गया। रात 1 बजकर 13 मिनट पर आरिस ने शादी से जुड़ा स्टेटस भी लगाया था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद हादसे की खबर आ गई।

# भोपाल में मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले में चोरी

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के सरकारी बंगले में चोरी हो गई है। बंगला परिसर में बने स्टोर रूम से अज्ञात चोर ट्रॉफियां, मोमेंटो और शील्ड उड़ा ले गए हैं। वारदात 2 और 3 अप्रैल की दरमियानी रात की है। इसका खुलासा 6 अप्रैल की सुबह हुआ है। टीटीनगर पुलिस के मुताबिक, 3 अप्रैल की सुबह बंगले के स्टोर रूम का ताला टूटा मिला। सिक्योरिटी गार्ड ने देखा तो सामान गायब था।

### टीटी नगर थाना पुलिस कर रही जांच

थाना प्रभारी गौरव दोहरे ने बताया कि चोरी गईं ट्रॉफियां, मोमेंटो और शील्ड मंत्री सारंग को अलग-अलग कार्यक्रमों में सम्मान स्वरूप मिले थे। फिलहाल, इनकी कीमत का आकलन किया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि जिस स्टोर रूम में चोरी हुई, वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। इससे आरोपियों की पहचान में दिक्कत आ रही है। दोहरे ने कहा- पुलिस आसपास की सड़कों और मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# घर-घर जाकर पूछूंगा-मुझे एमएलए रहना चाहिए या नहीं

## बजरंगबली की कसम 51 प्रतिशत से कम अंक मिले तो विधायकी छोड़ दूंगा

कटनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

कानूनी मुश्किलों से घिरे कटनी जिले की विजयराघवगढ़ सीट से भाजपा विधायक संजय पाठक फिर 'जनादेश' कराएंगे। मौजूदा कार्यकाल के ढाई साल पूरे होने पर उन्होंने रविवार रात कैमोर नगर परिषद के कार्यक्रम में यह ऐलान किया। संजय पाठक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर जनता के बीच अपनी उपयोगिता और लोकप्रियता का आकलन करना चाहिए। 'जनादेश' में 51 फीसदी से कम वोट मिलने पर वे पद से इस्तीफा देंगे।

### पाठक बोले- मई-जून में मैं घर-घर जाकर पूछूंगा



विधायक पाठक ने कहा - 2023 में जब चुनाव होने थे, तब भी जनादेश कराया था, लोग बोले कि ये क्या कर रहे हो, मैंने कहा था कि मैं चुनाव लड़ने योग्य हूं कि नहीं। आप मुझे विधायक बनाना चाहते हो या नहीं। अगर आप लोग नहीं चाहेंगे और हम जबर्दस्ती टिकट लेकर बैठ जाएं, ये सही नहीं है। इसमें एक लाख 40 हजार वोट भी मिले। बैठे-बैठे सोच रहा था कि दो साल से ज्यादा हो गया विधायक बने हुए, बने रहना चाहिए या नहीं, इसे चेक कर लेना चाहिए। जैसे जनादेश कराया था, वैसे ही मौका निकालेंगे। देखेंगे कि ढाई साल के कार्यकाल को जनता कितने नंबर देगी। सोचा कि ऐसा करके देखा जाए कि मैं योग्य हूं कि नहीं आपकी सेवा करने के लिए। मई-जून में समय निकालेंगे। एक बार फिर से क्रॉस चेक करेंगे। जनता के कटघरे में आएंगे कि मैं विधायक बनूं या छोड़ दूं। मैं अपनी गलतियां और कमियां पूछने जाऊंगा। अगर 51 प्रतिशत से कम रहा, तो बजरंगबली की कसम, उसी दिन विधायकी छोड़ दूंगा। अगर ऊपर रहा, तो पांच साल तक सेवा करेंगे।

# युवक को चाकू से गोदा, आंतें बाहर निकलीं

मंदसौर | संवाददाता
rashtrabaan.in

मंदसौर में रविवार देर रात करीब 11 बजे चाकूबाजी हुई। नरसिंहपुरा निवासी अरुण (19) पिता नानावटी बरगुण्डा पर दो युवकों ने हमला किया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी आंतें तक बाहर निकल गईं। इलाज के दौरान सोमवार सुबह अरुण की मौत हो गई। अरुण को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उसके पेट के कई अंग बाहर आ गए थे, जिससे हालत चिंताजनक थी। उसे बेहतर इलाज के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### दुकानों में लगे सीसीटीवी की जांच, वीडियो मिला

सीएसपी जितेंद्र कुमार भास्कर और थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर सहित पुलिस बल अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने दुकानों में लगे सीसीटीवी की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार घटना के समय चार लोग मौजूद थे। इनमें रोहित भाटी और युवराज माली ने अरुण पर चाकू से हमला किया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। घटना के बाद जिला चिकित्सालय में भीड़ जुटी, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया।

## एमपी के 3 डॉक्टर्स से 1.55 करोड़ की ठगी; हरियाणा के आरोपी झांसी से पकड़ाए

# खुदाई में गोल्ड मिला, 12 लाख में 1 किग्रा दे देंगे



जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश के जबलपुर में क्राइम ब्रांच ने एक बड़े ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने गड़ा हुआ सोना मिलने का झांसा देकर डॉक्टरों को निशाना बनाया। करीब 1.55 करोड़ की ठगी की। पुलिस ने एक ही परिवार के 4 लोगों को झांसी से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले हैं। इनमें पन्नालाल राठौर (60), धर्मेन्द्र (34), वीरेन्द्र (30) और रामादेवी (52) शामिल हैं। आरोपियों की लोकेशन झांसी में मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर उन्हें पकड़ा।

### इलाज के बहाने संपर्क, फिर 'गड़ा धन' की कहानी

जांच में सामने आया कि आरोपी पहले डॉक्टरों से इलाज के बहाने संपर्क करते थे। इसके बाद वे खुद को मजदूर बताते और दावा करते कि खुदाई के दौरान उन्हें गड़ा हुआ सोना मिला है। वे कहते थे कि इस सोने को वे बेच नहीं पा रहे हैं, इसलिए सस्ते दाम में देना चाहते हैं।

### पहले असली गिन्नियां देकर बनाते थे भरोसा

आरोपी शुरुआत में 4-5 असली सोने की गिन्नियां डॉक्टरों को देते थे। जब पीड़ित इनकी जांच कराते, तो वे असली निकलती थीं। इससे उनका भरोसा जीत लिया जाता था। इसके बाद आरोपी बाजार से कम कीमत में 12 लाख रुपए प्रति किलो में सोना देने का प्रस्ताव रखते थे। लालच में आकर पीड़ित सौदा तय कर लेते थे।

### नकली सोना देकर फरार हो जाते थे आरोपी

सौदा तय होने के बाद आरोपी नकली सोने की गिन्नियां या बिस्किट देकर पैसे ले लेते थे। बाद में जब जांच होती, तो सोना नकली निकलता और आरोपी फरार हो जाते थे। तीनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया।

### पुलिस ने ऐसे पकड़ा गिरोह

शिकायतें एसपी संपत उपाध्याय तक पहुंचने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर झांसी में दबिश दी गई। उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### पूरे परिवार ने मिलकर रचा था ठगी का खेल

पुलिस जांच में सामने आया कि यह पूरा गिरोह एक ही परिवार का है, जो संगठित तरीके से ठगी को अंजाम देता था। सभी आरोपी मिलकर अलग-अलग भूमिकाएं निभाते थे। लोगों को विश्वास में लेकर बड़ी रकम ऐंठते थे।

### 1.55 करोड़ नकद, सोना और नकली गिन्नियां बरामद

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपियों ने पनागर क्षेत्र में किराए के मकान में रकम छिपाने की जानकारी दी। पुलिस ने तलाशी के दौरान वहां से 1 करोड़ 55 लाख रुपए नकद, 84 ग्राम असली सोना, करीब 20 किलो नकली सोने की गिन्नियां और 11 मोबाइल फोन बरामद किए।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# नैनपुर सिविल अस्पताल पर गंभीर सवाल: अनुपस्थिति, निजी प्रैक्टिस और नियमों के पालन को लेकर बढ़ती चिंता

नैनपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

क्षेत्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर नागरिकों में असंतोष गहराता जा रहा है। नैनपुर सिविल अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों की उपस्थिति, सेवा अनुशासन और शासकीय नियमों के पालन पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों के अनुसार कुछ बांडेड डॉक्टर नियमित रूप से सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं और माह में सीमित उपस्थिति के बावजूद पूर्ण हाजिरी दर्ज होने की बात कही जा रही है। शासन के सेवा एवं वित्तीय नियमों में स्पष्ट प्रावधान है कि वेतन और उपस्थिति वास्तविक ड्यूटी निष्पादन के आधार पर ही स्वीकृत हों। ऐसे में यदि उपस्थिति और कार्य में विसंगति पाई जाती है तो यह प्रशासनिक समीक्षा और जांच का विषय बनता है। अस्पताल में पदस्थ संविदा एवं नियमित चिकित्सकों की समयबद्ध उपलब्धता को लेकर भी नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य प्रशासन को अवगत कराए जाने की बात सामने आई है। हाल ही में नैनपुर के एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में व्यवस्थागत कमियां चिन्हित किए जाने तथा संबंधित स्टाफ से स्पष्टीकरण मांगे जाने की जानकारी भी सामने आई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि निरीक्षण के बाद भी अपेक्षित सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा।




### मरीजों की सुविधा और आर्थिक बोझ

स्थानीय नागरिकों के अनुसार अस्पताल में आने वाले मरीजों को कभी-कभी लंबी प्रतीक्षा का सामना करना पड़ता है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि मरीजों को निजी चिकित्सा केंद्रों की ओर भेजे जाने की प्रवृत्ति देखी जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए ऐसी स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील मानी जा रही है। मंडला जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां बड़ी आबादी शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर है। ऐसे में स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यकुशलता सीधे जनहित से जुड़ा विषय बन जाती है।

### अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल

शिकायतों में यह भी कहा गया है कि केवल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि कुछ कंपाउंडर और फिजियोथेरेपी से जुड़े कर्मियों द्वारा भी बाजार क्षेत्र में निजी क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि इससे शासकीय नियमों की मंशा प्रभावित हो रही है और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।




### प्रशासनिक जवाबदेही पर बढ़ता दबाव

नागरिकों का मानना है कि यदि शिकायतों में तथ्य हैं, तो यह मामला शासकीय संसाधनों के उपयोग, सेवा अनुशासन और नियमों के पालन से जुड़ा गंभीर विषय है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि जनविश्वास बना रहे। पड़ोसी बालाघाट जिले में सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस संबंधी मामलों पर प्रशासनिक सख्ती की चर्चाएं भी क्षेत्र में हो रही हैं, जिसे कई लोग अनुशासनात्मक कार्रवाई के उदाहरण के रूप में देख रहे हैं। अब निगाहें मंडला जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर हैं—कि प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं या नहीं। जनस्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता और शासकीय नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### अधिकारियों की प्रतिक्रिया

इस विषय पर जब मंडला की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहंती से चर्चा की गई, तो उन्होंने शिकायतों पर कार्रवाई किए जाने की बात कही। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। वहीं वेतन शाखा से जुड़े एक कर्मचारी का कहना है कि वे केवल प्राप्त प्रशासनिक निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हैं और उपस्थिति की प्रामाणिकता का परीक्षण सक्षम अधिकारियों का दायित्व है।

### निजी प्रैक्टिस और समानांतर क्लीनिक संचालन पर उठते प्रश्न

स्वास्थ्य विभाग एवं संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शासकीय चिकित्सक निर्धारित ड्यूटी समय में सरकारी अस्पताल में उपस्थित रहेंगे। केवल अनुमत परिस्थितियों में, निजी आवास या आवंटित सरकारी आवास पर सीमित परामर्श दिया जा सकता है। परामर्श शासकीय रूप से निर्धारित शुल्क पर ही लिया जा सकता है। माननीय उच्च न्यायालय एवं विभागीय आदेशों में सरकारी चिकित्सकों द्वारा निजी क्लीनिक, नर्सिंग होम या समानांतर चिकित्सा संस्थान संचालित करने पर रोक का उल्लेख है। इन प्रावधानों के संदर्भ में स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ चिकित्सक कथित रूप से निजी आवासों से विस्तारित चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं तथा बाजार क्षेत्र में निजी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह सेवा नियमों के अनुरूप जांच का विषय होगा।

# कपिल मेश्राम बने कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नए जिलाध्यक्ष, क्षेत्र में हर्ष की लहर

कटंगी | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक विस्तार और आगामी रणनीतियों को धार देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। इसी कड़ी में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग (प्रकोष्ठ) के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहीरवार ने कपिल मेश्राम को प्रकोष्ठ का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

कपिल मेश्राम की इस नियुक्ति से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेश्राम लंबे समय से पार्टी की रीति-नीतियों और अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यक्षमता और समर्पण को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



### विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई

कपिल मेश्राम के मनोनयन पर जिले के तमाम दिग्गज नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष व बैहर विधायक संजय उइके, बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विक्की विवेक पटेल, और परसवाड़ा विधायक मधु भगत प्रमुख रूप से शामिल हैं।

साथ ही, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व मंत्री टामलाल सहारे, और पूर्व नपाध्यक्ष सुनील जैन ने भी इस नियुक्ति का स्वागत किया है। नेताओं का मानना है कि मेश्राम के नेतृत्व में जिला स्तर पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और अधिक मजबूत होगा।

### स्थानीय नेतृत्व में उत्साह

कटंगी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज हीरावत और नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पार्षद संजय चौकसे, पार्षद अतीक अंसारी, रहमान अंसारी, मनीष चौकसे और मितेश कुम्हरे ने कहा कि कपिल मेश्राम के जिलाध्यक्ष बनने से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुँचाने में मदद मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर कपिल मेश्राम ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती और दलित व वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे।

## प्रभारी मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का किया अनावरण

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 06 अप्रैल को बालाघाट प्रवास के दौरान अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने डीएमएफ की 21 लाख रुपए की राशि से अटल उद्यान के समीप सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिये भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक श्री राजकुमार कर्राहे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे, श्री गौरीशंकर बिसेन सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

# कटंगी में ग्राम पंचायत सचिवों को दिया गया जल परीक्षण का प्रशिक्षण



बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जल गंगा संवर्धन गतिविधि के अंतर्गत जनपद पंचायत कटंगी में मंगलवार को ग्राम पंचायत सचिवों के लिए जल परीक्षण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्काश्वष्ठ) बालाघाट द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड कटंगी के केमिस्ट द्वारा सचिवों को फील्ड टेस्ट किट (स्नज्ञ्य) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम और जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी को सुदृढ़ करना है। अधिकारियों ने बताया कि स्नज्ञ्य किट के उपयोग से अब मौके पर ही पानी की शुद्धता की जांच संभव हो गई है। प्रशिक्षण के दौरान सचिवों को स्नज्ञ्य किट के उपयोग की विधि समझाई गई तथा पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, पीएच और बैक्टीरिया जैसी अशुद्धियों की पहचान करना सिखाया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पेयजल स्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार रासायनिक एवं जीवाणु संबंधी जांच अनिवार्य रूप से की जाए। सचिवों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि वे अपने-अपने ग्राम की जल एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर पेयजल स्रोतों की नियमित जांच सुनिश्चित करेंगे।

सीईओ श्री सारथी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक नलों के पानी की समय-समय पर जांच कर जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ जितेन्द्र कारमेघे और उपयंत्री विनोद कुमरे ने स्नज्ञ्य किट को गांव स्तर पर जल गुणवत्ता जांच का सरल एवं प्रभावी माध्यम बताया। प्रशिक्षण में केमिस्ट सीमा मेश्राम, मीना राहंगडाले, नेमसिंह मर्सकोले तथा विकासखंड समन्वयक मोहिनी पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कुछ ग्राम पंचायत सचिवों ने मौके पर ही जल परीक्षण कर उसकी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में 'पुस्तक उपहार महोत्सव' का हुआ आयोजन

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में ÷पुस्तक उपहार महोत्सव÷ का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और ज्ञान साझा करने की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी लेकिन उपयोगी पुस्तकों का दान किया। विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पुस्तकों का संग्रह किया गया, जिन्हें जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचाया जाएगा। इस पहल में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए बैनर के माध्यम से ÷पुस्तक उपहार महोत्सव÷ का संदेश दिया गया, जिसमें पुस्तक दान को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया। शिक्षकों ने बताया कि पुस्तकों के पुनः उपयोग से कागज की बचत होती है, जिससे पेड़ों की कटाई कम होती है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्रोत हैं और इन्हें साझा करने से समाज में शिक्षा का प्रसार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने और पुस्तकों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पुस्तक दान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। पुस्तक उपहार महोत्सव के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से न केवल पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है, बल्कि समाज में ज्ञान का प्रकाश भी फैलाया जा सकता है। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# प्रभारी मंत्री ने मलाजखंड में बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

## जीर्णोद्धार कार्य से बेल तालाब को मिलेगा आकर्षक स्वरूप

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 06 अप्रैल को बालाघाट जिले के प्रवास के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मलाजखंड में बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए तालाब की पार पर पौधारोपण भी किया। इस दौरान बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका मलाजखंड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, श्री गुड्डा मरकाम, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता , बिरसा तहसीलदार श्री आदित्य नारायण तिवारी, नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश बाघमारे, अ‍ेन य गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित




जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्यपद्धति विकसित हुई है और परिणाममूलक अभियान प्रारंभ किये गये हैं। जिनके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। रे वच्छ भारत अभियान से देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संचार हुआ है और हर घर में शौचालय बने हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवासहीन लोगों के पक्के घर बनाये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान से पेयजल, सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। यह सभी कार्य आम आदमी के जीवन को प्रभावित करते हैं और इससे उनके जीवनस्तर में सुधार हो रहा है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे इस नगरीय क्षेत्र में जल संरक्षण में मदद मिलेगी और नगर का सौन्दर्यीकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि इस तालाब की पार पर अधिक संखे या में पौधारोपण किया जाये और उनकी सुरक्षा के इंतजाम किये जायें। मलाजखंड के बेल तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण होने से यहां के लोगों को सुबह की सैर करने के लिए एक अच्छा स्थान एवं शुद्ध प्राकृतिक वातावरण सुलभ होगा, जो आमजन की सेहत को भी प्रभावित करेगा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मलाजखंड में ऐसे और भी तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाये और उसमें आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सांसद श्रीमती भारती पारधी की सराहना करते हुए कहा कि वे सांसद की जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन कर रही हैं और आम जनता से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर प्रशासन द्वारा नवाचार किये जा रहे हैं और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अच्छी पहल की गई है, जिससे हजारों की संख्या में युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में काम करने का अवसर मिल रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी प्रजातंत्र के दो पहिये हैं। इन्हें समर्पण भाव के साथ एक दूसरे से मिल कर काम करना चाहिए, तभी शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा।

# भजियापार में श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

## विधायक गौरव पारधी ने लिया आशीर्वाद

कटंगी | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

क्षेत्र के ग्राम भजियापार (रंगोटोला) में आयोजित आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य समापन हुआ। आगरा से पधारे भागवताचार्य जयप्रकाश शर्मा के सानिध्य में आयोजित इस ज्ञानयज्ञ के समापन अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



विधायक गौरव पारधी ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। कथा विश्राम के बाद विधि-विधान से हवन हुआ और विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेश भगत, लखन लाल पटले, श्याम सुंदर पटले, दीपक पारधी सहित आयोजन समिति और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्कूलों-आंगनवाड़ियों में किया गया एफटीके परीक्षण एवं किट का वितरण

# जल गुणवत्ता जांच व स्वच्छता अभियान

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बालाघाट विकासखंड के ग्राम चिचगाँव, बिरसा विकासखंड के ग्राम पल्हेरा नहरटोला एवं किरनापुर विकासखंड के ग्राम कसंगी और मंगोलीकला गांवों में पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गतिविधियाँ संचालित की गईं। जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्काश्वष्ठ) बालाघाट द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट (स्नज्ञ्य) के माध्यम से स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के पेयजल स्रोतों का मौके पर ही परीक्षण किया गया।



इस दौरान प्रशिक्षित स्नज्ञ्य यूजर्स द्वारा पानी के नमूनों की जांच कर उसकी गुणवत्ता की पुष्टि की गई। परीक्षण में पानी के प्रमुख मानकों जैसे क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड और पीएच की जांच कर ग्रामीणों को इसकी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया।इस गतिविधि में सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। सभी को जल परीक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे स्वयं अपने गांव में जल गुणवत्ता की निगरानी कर सकें।

अधिकारियों ने बताया कि यदि स्नज्ञ्य परीक्षण के दौरान पानी दूषित पाया जाता है, तो संबंधित नमूनों को विस्तृत जांच के लिए नजदीकी जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। इसमें ग्रामीणों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और महिला समूहों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई।

प्रशिक्षण के उपरांत ग्राम पंचायतों को स्नज्ञ्य किट उपलब्ध कराई गई, ताकि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र के जल स्रोतों की जांच कर सकें और ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहयोग कर सकें। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति गजभिये, फनीश रंगारे तथा खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा और हरीश झा (क्करू) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सिवनी राष्ट्रबाण



# आईपीएल सट्टेबाजी के नेटवर्क का विकेट गिरा, सटोरिया चित!

## क्रिकेट सट्टा बुकी सागर सुराना का पंटर चढ़ा पुलिस के हत्थे

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in



सागर सुराना, क्रिकेट सट्टा बुकी : छत्तीसगढ़ में बैठ कर रहा गैंग को संचालित।

**मैदान** पर चौके-छक्के भले ही क्रिकेटर लगा रहे हों, लेकिन सिवनी की कोतवाली पुलिस ने अपराध की पिच पर ऐसा यॉर्कर मारा है कि सट्टेबाजों के स्टंप्स उखड़ गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कड़े तेवरों ने सट्टा किंगों की नींद उड़ा दी है, जिसका ताजा शिकार बना है पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे चल रहा ऑनलाइन सट्टे का काला खेल।



### CSK vs RCB : मैच मैदान में, दांव मोबाइल पर

पूछताछ में खुलासा हुआ कि जनाब चेन्नई और बैंगलोर के मैच पर अपनी किस्मत नहीं, बल्कि लोगों की जेब और कानून का मजाक दांव पर लगा रहे थे। बरामदगी में 5 हजार नगद और सट्टे के हिसाब-किताब वाला ज़15,000 का एंड्राइड फोन। जो मास्टरमाइंड इस खेल का असली खिलाड़ी सागर सुराना बताया जा रहा है, जिसने ऑनलाइन आईडी उपलब्ध कराई थी।

### सटीक मुखबिरी और घेराबंदी वाली दबिश

रविवार की शाम जब बिंझावाड़ा रोड पर सट्टे की गोटियां सेट की जा रही थीं, तभी कोतवाली पुलिस ने सुपरफास्ट एक्शन दिखाते हुए दबिश दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अभय तिडके नाम के आरोपी को रंगे हाथों धर दबोचा। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने अपना मोबाइल छुपाने की डाइव तो मारी, लेकिन मुस्तैद पुलिस के आगे उसकी एक न चली।

**फरार किंगपिन की तलाश में पुलिस की पैनी नजर**

मुख्य आरोपी सागर सुराना, जो पहले से ही जुआ-सट्टा एक्ट के 4 मामलों में हाफ सेंचुरी मारने की कगार पर है, फिलहाल फरार है। लेकिन कोतवाली पुलिस की टीम उसकी कुंडली खंगाल रही है। निरीक्षक सतीश तिवारी और उनकी टीम जयवंत ठाकुर, मनोज पाल व अन्य ने स्पष्ट कर दिया है कि शहर की शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आम जनता अब राहत की सांस ले रही है कि आईपीएल के शोर में सट्टे का जहर घोलने वालों पर पुलिस का डंडा पूरी ताकत से चल रहा है।



सतीश तिवारी, थाना प्रभारी सिवनी : बुकियों को जाल में फंसा उन्हें असली स्थान पहुंचाएंगे।

> अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कोतवाली पुलिस की नजरों से नहीं बच सकता। सागर सुराना जैसे आदतन अपराधियों के लिए जेल की सलाखें तैयार हैं।
>
> –सतीश तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली

# शिक्षा के मंदिर में सियासी रसूख का पहरा

## क्या दिग्गजों के साथ ये तस्वीरें बनी हैं बाबा पांडे का सुरक्षा कवच?

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**लोकतंत्र** के चौथे स्तंभ में आज एक ही सवाल गूंज रहा है कि क्या सत्ता की करीबी और बड़े चेहरों के साथ खिंचवाई गई तस्वीरें किसी व्यक्ति को नियमों से ऊपर कर सकती हैं? सिवनी के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिस तरह से भाजपा नेता अजय बाबा पांडे का हस्तक्षेप बढ़ा है, उसने न केवल कॉलेज की मर्यादा को तार-तार किया है, बल्कि जिला प्रशासन की कार्यक्षमता पर भी कई तीखे सवाल दाग दिए हैं।

**प्राचार्य की मौन स्वीकृति या लाचारी का समर्पण?**

कॉलेज के प्राचार्य की भूमिका आज कठघरे में है। जिस हाथ में अनुशासन की छड़ी होनी चाहिए थी, क्या वह हाथ आज सत्ता के रसूख के सामने नतमस्तक हैं? शिक्षा जगत में यह चर्चा आम है कि प्राचार्य ने बाबा पांडे के दबदबे के आगे घुटने टेक दिए हैं। कॉलेज के संसाधनों का दुरुपयोग और भाजपा के कार्यक्रमों के लिए बिछाई जा रही रेड कारपेट यह बताने के लिए काफी है कि शिक्षा का बजट अब चुनावी प्रोपेगेंडा की भेंट चढ़ रहा है।

**छात्रों के भविष्य के साथ सियासी सर्कस**

सवाल यह है कि क्या उच्च शिक्षा विभाग ने किसी नेता को कॉलेज परिसर के भीतर अपना निजी चेंबर बनाने की लिखित अनुमति दी है? प्रशासनिक नैतिकता का पतन इस कदर हो चुका है कि जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाले संस्थान अब किसी एक नेता की जागीर बनते जा रहे हैं। छात्र समुदाय आज जवाब मांग रहा है कि क्या अब बाबा पांडे तय करेंगे कि शिक्षा के मंदिर की मर्यादा क्या होगी?

### तस्वीरों की चमक में अंधा हुआ प्रशासन?



सोशल मीडिया से लेकर गलियारों तक चर्चा है कि अजय बाबा पांडे के पास पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री तक के साथ तस्वीरों का एक लंबा जखीरा है। इन तस्वीरों के पीछे छिपी राजनीति का प्रभाव इतना गहरा है कि प्रशासन हाथ डालने से कतरा रहा है। क्या यही वजह है कि नियमों को ठेंगे पर रखकर कॉलेज परिसर में निजी दरबार सजाया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी धृतराष्ट्र बनकर तमाशा देख रहे हैं?

### अब तो जागिए हुक्मरान!



यह केवल एक नेता के कब्जे की बात नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक तंत्र के घुटने टेकने की पराकाष्ठा है। यदि इन शिक्षा केंद्रों को प्राइवेट चेंबर बनने से नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में हर संस्थान किसी न किसी सियासी दल का अखाड़ा बन जाएगा। सिवनी की जनता और छात्र आज प्रशासन से पूछ रहे हैं कि क्या आप तस्वीरों के इस तिलिस्म को तोड़कर न्याय करेंगे, या सत्ता की गोद में बैठकर इतिहास के काले पन्नों में अपना नाम दर्ज कराएंगे? वक्त आ गया है कि शिक्षा के मंदिर को राजनीति की चाशनी से बाहर निकाला जाए, वरना इतिहास लिखेगा कि जब शिक्षा की गरिमा लूटी जा रही थी, तब जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सियां बचाने में व्यस्त थे।

# सूने मकान में हाथ साफ करने वाले तीन शातिर चोर दबोचे

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**अपराधियों** के हौसले पस्त करने और जनता में सुरक्षा का भाव जगाने के संकल्प के साथ डुंडासिवनी पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने महज कुछ ही घंटों के भीतर न केवल आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया, बल्कि चोरी गया शत-प्रतिशत माल भी बरामद करने में सफलता हासिल की है।





### सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व में सउनि निसार खान, संजय बघेल, प्र.आर. उमेधुरी चौधरी, आरक्षक नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर, हिमेन्द्र सहारे, रवि धुर्वे, अंशुमन राजपूत, मिथिलेश सूर्यवंशी और रघुराज यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### जब खुशियों के बीच मातम की सेंध लगी

घटना बीते 4 अप्रैल की है। जनता नगर निवासी रामदयाल यादव अपने परिवार के साथ मोहल्ले में ही एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर सूना पाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और घर में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषणों व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घर लौटने पर जब रामदयाल ने बिखरा हुआ सामान और टूटा ताला देखा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने तत्काल एक विशेष टीम गठित की। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और संदेहियों पर नजर रखनी शुरू की। परिणामस्वरूप, पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर जब मनोवैज्ञानिक तरीके से कड़ी पूछताछ की, तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़े गए तीनों आरोपी नाबालिग हैं। जिसमें कुल मशरूका 01 लाख रुपये की जप्त हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई पूरी संपत्ति बरामद कर ली है, जिसमें शामिल हैं : एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की सात पत्ती चांदी की एक जोड़ी पायल, चांदी के हाथ के कंगन, चांदी की एक जोड़ी बिछिया।

# खेल विभाग या 'स्वागत-सत्कार' मंत्रालय?

## खिलाड़ी पसीने को तरसे, मैडम नेताओं की स्वागत-सत्कार में व्यस्त

क्या खेल मंत्री विश्वास सारंग लेंगे सिवनी के इस पॉलिटिकल मैच का संज्ञान?

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**कहते** हैं कि खेल के मैदान पर खिलाड़ी का पसीना बहना चाहिए, लेकिन सिवनी जिला खेल विभाग में इन दिनों चाटुकारिता का शरबत बह रहा है। जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे की कार्यप्रणाली ने विभाग को खेल का मैदान नहीं, बल्कि आरामगाह और राजनीतिक अखाड़ा बना दिया है। ताज़ा चर्चा तो यह है कि मैडम को किसी का डर नहीं, क्योंकि उनके सिर पर सफेदपोशों का हाथ है।

**मैदान से नाता टूटा, नेताओं से टांका भिड़ा!**

शहर की गलियों में यह सवाल तैर रहा है कि मनु धुर्वे जिला खेल अधिकारी हैं या सत्ताधारी राजनैतिक दल की सक्रिय कार्यकर्ता? हाल ही में एक क्रिकेट टूर्नामेंट के फ्लैक्स में मैडम की मुस्कुराती तस्वीर नेताओं के बीच ऐसे चस्पा है, जैसे विभाग का बजट खिलाड़ियों की डाइट के लिए नहीं, बल्कि अपनी पॉलिटिकल ब्रांडिंग के लिए हो।

**पड़ोसी जिला चैंपियन, सिवनी में सिर्फ धूल और आश्वासन:** अगर तुलना करें तो बगल के जिले छिंदवाड़ा में करोड़ों की बारिश हो रही है। चाहे वह 7.86 करोड़ का मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हो या टेराफ्लेक्स बैडमिंटन कोर्ट। वहीं सिवनी के हिस्से आई है तो सिर्फ धूल! यहाँ खिलाड़ियों के पास एक ढंग का स्टेडियम तक नहीं है। सवाल यह है कि जब पड़ोसी जिले में विकास की दौड़ जारी है, तो सिवनी का खेल विभाग कोमा में क्यों है? क्या मैडम की फाइलें सिर्फ फोटो खिंचवाने और रसूखदारों की परिक्रमा करने तक सीमित हैं?

अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और खेल मंत्री इस कागजी सेटिंग और जी-हुजूरी के खेल पर फुल-स्टॉप लगाते हैं, या सिवनी के उभरते सितारों का भविष्य इसी तरह पॉलिटिकल फोटोबाजी की भेंट चढ़ता रहेगा।



विश्वास सारंग



मनु धुर्वे



लक्ष्मी ठाकरे



नारायण बिसेन

### करोड़ों का टर्फ़ बना सेल्फी पॉइंट, कागजों में पल रहे खेलो इंडिया के सितारे!

सिवनी के खेल जगत में भ्रष्टाचार का घुन इस कदर लग चुका है कि करोड़ों की लागत से बना चमचमाता हॉकी टर्फ़ अब खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के बजाय साहबों और मैडम के लिए फोटो स्टूडियो बन गया है। आलम यह है कि मैदान पर खिलाड़ी पसीना बहाने नहीं आते, लेकिन सेल्फीबाज कोच और अधिकारी मुस्कुराहट के साथ अपनी हाजिरी की रस्म अदायगी करने जरूर पहुँचते हैं। हॉकी फीडर सेंटर और खेलो इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं यहाँ सिर्फ फाइलों में दौड़ रही हैं। सूत्रों का दावा है कि खिलाड़ियों के नाम पर आने वाला लाखों का खेल सामान मैदान तक पहुँचने से पहले ही कमीशन की भेंट चढ़ जाता है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए और विभाग के अधिकारी और लक्ष्मी नारायण मैदान छोड़कर नेताओं की चरण-वंदना में व्यस्त हो जाएं, तो पदकों की उम्मीद करना बेमानी है। कागजों पर तो सब कुछ चकाचक है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सिवनी का टैलेंट खेल सामग्री के अभाव में दम तोड़ रहा है और विभाग के महाराज बजट की मलाई चाटने में मस्त हैं।

### लक्ष्मी-नारायण की साथ और भ्रष्टाचार में मैडम

चर्चा है कि खेल विभाग में अब खेल के नियमों की किताबें रद्दी में डाल दी गई हैं और नया मंत्र जाप शुरू हुआ है कि खिलाड़ी गए तेल लेने, बस जपते रहो लक्ष्मी-नारायण! आरोप हैं कि खिलाड़ियों के हक की राशि और डाइट का पैसा सेटिंग के जरिए तिजोरियों में जा रहा है। खेल विभाग के कोच, जिन्हें मैदान पर पसीना बहाना था, वे अब स्वागत-सत्कार समितियों के रिसेप्शनिस्ट बन गए हैं।

### क्या खेल मंत्री की शरण में है भ्रष्टाचार का खेल?

सबसे बड़ा और कड़वा सवाल यह है कि क्या प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग तक सिवनी की ये सिसकियां पहुँच रही हैं? या फिर जैसा कि विभाग के गलियारों में चर्चा है कि मैडम का कनेक्शन सीधे ऊपर तक है? सूत्रों की मानें तो मैडम बेखौफ होकर कहती हैं कि जब नेताजी का साथ है, तो डरने की क्या बात है!

क्या कोच अब सीटी बजाने के बजाय सिर्फ नेताओं को गुलदस्ते भेंट करने के लिए ही वेतन पाएंगे?

# कलेक्टर के आश्वासन के बाद भी माफियाओं पर नहीं हुई कोई कार्यवाही

## केवलारी क्षेत्र में नहीं थम रहे रेत के अवैध उत्खनन एवं उसके भंडारण का सिलसिला !

राष्ट्रबाण केवलारी | संवाददाता rashtrabaan.in

**जिला** कलेक्टर शीतला पटले के केवलारी दौरे को लगभग तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के उनके निर्देश अब तक केवल कागजी आश्वासन ही नजर आ रहे हैं। दौरे के दौरान पत्रकारों द्वारा उठाए गए सवालों पर कलेक्टर ने शीघ्र कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिया था, परंतु धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**दौरे में उठा था मुद्दा, मिला था ठोस आश्वासन ।**

तीन दिन पूर्व जब सिवनी जिला कलेक्टर शीतला पटले केवलारी क्षेत्र के भ्रमण पर थीं, तब स्थानीय मीडिया कर्मियों ने क्षेत्र की प्रमुख नदियों और घाटों से हो रहे अवैध रेत उत्खनन, उसके अवैध भंडारण और भारी वाहनों द्वारा किए जा रहे परिवहन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। जिस पर जवाब देते हुए सिवनी जिला कलेक्टर का कहना था कि 'प्रशासन अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगा और जल्द ही रेत माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही देखने को मिलेगी।' किन्तु दौरे के तीन दिन बीत जाने के उपरांत अवैध उत्खन की तो बहुत दूर की बात है , रेत माफियाओं के खुलेआम अवैध भंडारणों में भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही?आम जनता के बीच अब यह चर्चा आम है कि क्या रेत के इस अवैध कारोबार को किसी रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है? यदि जिले की मुखिया के स्पष्ट निर्देश के बाद भी अधीनस्थ अमला मौन है, तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना की ओर इशारा करता है। केवलारी की जनता और पर्यावरण प्रेमी अब प्रशासन की अगली चाल का इंतजार कर रहे हैं। क्या कलेक्टर महोदया अपने आश्वासन को धरातल पर उतारते हुए दोषियों पर नकेल कसेंगी, या रेत माफिया इसी तरह बेखौफ होकर प्राकृतिक संपदा का दोहन जारी रखेंगे? यह आने वाला समय ही बताएगा।

### केवलारी नगर के समीप उगली - केवलारी मुख्य मार्ग पर हे रेत के अवैध भंडार!



केवलारी निवासी एक सूत्र ने हमे नाम न छापने की शर्त पर बताया कि केवलारी नगर के समीप उगली – केवलारी मुख्य मार्ग (बीटीआई मोहल्ला) पर अलग अलग स्थानों पर कम से कम 100 – 100 , 50–50 डंपर रेत का अवैध भंडार देखा जा सकता हैं, इतना ही नहीं हमारे सूत्र का तो यहां तक कहना है कि इसी मार्ग पर स्थित एक चौधरी वेयर हाउस में भी कम से कम 200 डंपर रेत का अवैध भंडार किया गया है जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को भी है किन्तु वह अपने निज स्वार्थ की पूर्ति के चलते उन पर कार्यवाही नहीं करते। हालांकि इस दावे पर कितनी सच्चाई है हम कह नहीं सकते क्योंकि इस संबंध में जानकारी खनिज विभाग के आला अधिकारियों से स्पष्ट हो पाती पर वह अधिकांश पत्रकारों के फोन उठाने से परहेज करते हैं।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433